आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, बुधवार 12 मार्च 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# पाकिस्तान ट्रेन हाईजैक

## 182 लोगों को बनाया बंधक, 20 सैनिकों को उतारा मौत के घाट

### BLA की धमकी-एक्शन लिया तो सब मारे जाएंगे

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आई है। आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान में एक यात्री ट्रेन पर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में ट्रेन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार आंतकियों ने इस ट्रेन को हाईजैक कर लिया है।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी उस पर गोलीबारी की गई। अभी तक की जानकारी के अनुसार इस हमले में 20 लोगों के मारे जाने की खबर है।

### मुठभेड़ में 20 सैनिकों की मौत


इस हमले को लेकर बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता की मांग करने वाले बीएलए ने कहा कि उसने 20 सैनिकों को मार गिराया और एक ड्रोन को मार गिराया। बीएलए ने दावा किया कि उसने 182 लोगों को बंधक बना लिया है।आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के क्षेत्र से नहीं हटने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है।

### बीएलए ने ली हमले की जिम्मेदारी

इस घटना पर अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि उग्रवादी अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी ( बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। अधिकारियों ने बताया कि इस संगठन ने सुरक्षा बलों सहित ट्रेन में सवार सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया है।

### हमले के बाद एक्शन में अधिकारी

अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर सुरक्षा बलों को भेजा गया है और जांच की जा रही है। जानकारी दें कि पाकिस्तान का बलूचिस्तान क्षेत्र एक संसाधन संपन्न इलाका है। हालांकि, इस क्षेत्र में हमेशा संघर्ष की घटनाओं को देखा गया है।




### ट्रेन में 450 से अधिक यात्री सवार

पाकिस्तानी अखबार डॉन ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर गोलीबारी की गई है। रेलवे नियंत्रक मुहम्मद काशिफ ने बताया कि इस ट्रेन में करीब 450 से अधिक यात्री सवार हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेन को सुरंग संख्या 8 में हथियारबंद लोगों ने रोक लिया। यात्रियों और कर्मचारियों से संपर्क करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अस्पतालों को दिए गए ये निर्देश

इस घटना पर सरकार का बयान सामने आया है, जिसमें कहा गया कि सिबी अस्पताल में आपातकाल लागू कर दिया गया है। इसके साथ ही एंबुलेंस और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि जहां पर ये घटना हुई है वह पहाड़ी इलाका है, जिस कारण अधिकारियों को वहां पर पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### हमले में छह की मौत

जानकारी के अनुसार पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उसने 100 से अधिक यात्रियों को बंधक बना लिया है। इस संबंध में एक बयान जारी करते हुए बीएलए ने कहा कि बलूच लिबरेशन आर्मी ने मशकफ, धादर, बोलन में एक रणनीतिक अभियान चलाया है, जिसमें जाफर एक्सप्रेस को पटरी से उतारकर उस पर नियंत्रण कर लिया गया है। आतंकी संगठन ने बयान में कहा कि छह सैन्यकर्मी मारे गए, जबकि 100 से अधिक यात्रियों को बीएलए ने हिरासत में ले लिया है।

### घटनास्थल पर पहुंच रहे अधिकारी

अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि रेलवे विभाग ने बचाव के लिए घटनास्थल पर और ट्रेनें भेजी हैं। घटना के पैमाने और आतंकवादी तत्वों की संभावना का पता लगाया जा रहा है। इस घटना के बाद सरकार एक्शन मोड में है। बलूचिस्तान सरकार ने आपातकालीन उपाय करने और सभी संस्थानों को सक्रिय रहने का आदेश दिया है।

ट्रेन हाईजैक की घटना के बीच अधिकारी सतर्क हैं और उन्होंने इस घटना के बाद लोगों से अपील की है कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें।

### बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों पर हुए कई हमले

आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच हमेशा बलूचिस्तान में मुठभेड़ देखने को मिलती रही है। बलूचिस्तान में अलगाववादी समूहों द्वारा स्वतंत्रता की मांग को लेकर लंबे समय से विद्रोह चल रहा है।

हाल के कुछ सालों की घटनाओं पर नजर डालें तो बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों और नागरिकों पर बार-बार हमले हुए हैं।

## क्या है बलूच लिबरेशन आर्मी?: जिसने पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक की, क्या रही सरकार से इनकी मांग, विचारधारा क्या?

पाकिस्तान में एक पूरी ट्रेन हाईजैक होने की खबर सामने आई है। बताया गया है कि बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से करीब 100 किलोमीटर दूर बोलन स्टेशन पर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के उग्रवादियों ने ट्रेन को बंदूक के दम पर अगवा कर लिया। ट्रेन में सैकड़ों यात्रियों की मौजूदगी की बात कही गई है। बीएलए ने इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के छह जवानों को मार गिराने की बात भी कही है।

### क्यों पाकिस्तान के खिलाफ खड़ा है यह संगठन?

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों का कहना है कि पाकिस्तान की इस्लामाबाद में बैठी सरकार बलूचिस्तान के संसाधनों को चूस रही है, लेकिन इनके बदले यहां के लोगों और बलूच समुदायों को कुछ नहीं मिल रहा है। बीते वर्षों में बीएलए इन नाराजगियों और असहमतियों के कारण बलूचिस्तान



में बड़ा संगठन बनकर उभरा है, जिसे शहरी आबादी के साथ साथ ग्रामीण आबादी का भी जबरदस्त समर्थन प्राप्त है।

बताया जाता है कि बलूच लिबरेशन आर्मी को कबायली क्षेत्रों में कबीलों के सरदारों से ज्यादा समर्थन हासिल है। संगठन के लड़ाकों का कहना है कि वह न सिर्फ पाकिस्तान से आजादी चाहते हैं, बल्कि बलूच समाज में भी आंतरिक सुधारों की जरूरत महसूस करते हैं। वे कबायली सिस्टम और पारंपरिक सरदारों के खिलाफ हैं। अपने इस गैर-पारंपरिक रवैये के चलते बीएलए युवाओं और शिक्षित बलूचों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

# चर्च परिसर में सूटकेस के भीतर मिला मानव कंकाल

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** केरल के कोल्लम जिले में सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक चर्च परिसर में एक सूटकेस के अंदर मानव कंकाल बरामद हुआ है। कंकाल कोल्लम के सीएसआई चर्च के कब्रिस्तान के निकट पाया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में कंकाल मानव प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार, यह कंकाल काफी पुराना हो सकता है और हत्या का मामला होने की आशंका है। पुलिस वैज्ञानिक तरीकों से जांच कर रही है और पुराने गुमशुदगी के मामलों की पड़ताल भी की जा रही है। कंकाल क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। पुलिस का मानना है कि संभवत: किसी ने शव को सूटकेस में डालकर यहां फेंक दिया होगा।



यह सूटकेस आज सुबह तब नज़र आया जब कुछ लोग चर्च परिसर में काम करने आए थे। वे पाइपलाइन मार्ग पर कार्य कर रहे थे, तभी चर्च कब्रिस्तान के पास एक जंगली इलाके में उन्हें यह सूटकेस मिला। यह घटना केरल में मानव अवशेष मिलने की हालिया घटनाओं की कड़ी में जुड़ गई है। गौरतलब है कि जनवरी 2025 में केरल के चोट्टानिकारा में भी एक वीरान घर के फ्रिज से मानव खोपड़ियां और हड्डियां बरामद हुई थीं। यह घर पिछले 12 सालों से खाली पड़ा था और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया था। पुलिस शिकायत के बाद घर की तलाशी लेने पर फ्रिज के अंदर प्लास्टिक बैग में रखी मानव हड्डियां मिली थीं। घर का मालिक एक डॉक्टर है जो कई सालों से कोच्चि में रहते हैं और उनके बच्चे विदेश में बसे हैं।

कोल्लम में चर्च परिसर में कंकाल मिलने की घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

# पंजाब में जमीन अधिग्रहण को लेकर विवाद, किसानों ने प्रशासन पर जबरदस्ती जमीन कब्जा करने के लगाए आरोप

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** पंजाब में दिल्ली-कटरा एक्सप्रैस हाईवे के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर गुरदासपुर में पुलिस और किसानों के बीच टकराव देखने को मिला।

किसानों ने अधिकारियों पर आरोप लगाए
कि उन्हें बिना बताए जमीनें पर जबरदस्ती कब्जा किया और मुआवजा भी सहीं नहीं दिया।

### जमीन अधिग्रहण से पहले जानकारी नहीं दी

किसानों का कहना कि प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया का उल्लंघन किया है। क्योंकि न तो अधिकारियों ने जमीन अधिग्रहण करने से पहले उन्हें जानकारी दी और न ही पूरी प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।

किसानों की जमीनों को जबरन छीना जा रहा है।किसान नेताओं ने साफ किया कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं।

उन्होंने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है और कहा है कि बिना सहमति के जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को रद्द किया जाए।





# जालंधर में गर्माया माहौल, नए जत्थेदार का सिख तालमेल कमेटी ने किया विरोध

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** सिख तालमेल कमेटी ने जालंधर में श्री केसगढ़ साहिब के नए जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज की दस्तारबंदी का विरोध किया। इसे लेकर अमन नगर में जत्थेदार को हटाने वाली कमेटी के चीफ सेक्रेटरी कुलवंत सिंह मन्नन के घर के बाहर सिख तालमेल कमेटी के वर्कर पहुंचे और उन्होंने अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस भी मौजूद रही।

### पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर

**रोका :** विरोध करनी पहुंची सिख तालमेल कमेटी के सदस्यों ने मन्नन के घर के बाहर नारेबाजी करनी शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने सिख तालमेल कमेटी के सदस्यों और उनके समर्थकों को रोक दिया। पुलिस के रोकने के बाद कमेटी के सदस्यों और वर्करों ने घर के बाहर ही दरियां बिछाकर पाठ करना शुरू कर दिया।

### मन्नन के समर्थक भी मौके पर पहुंचे मौके पर


जैसे ही इस विरोध का पता कुलवंत मन्नन के समर्थकों को चला तो वह भी भारी संख्या में घर के बाहर पहुंचे। जिस कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस के 70 से ज्यादा मुलाजिम मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने माहौल को कंट्रोल में बनाए रखा। एसीपी ऋषभ भोला ने कहा- मौके पर किसी प्रकार से स्थिति को अनकंट्रोल नहीं होने दिए जाएगा।

# युवक से दरिंदगी, प्राइवेट पार्ट में गन्ना डालकर मार डाला; नपुंसक कहे जाने पर नाराज था आरोपी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां गे रिलेशन बनाने के दबाव और फिर नपुंसक कहे जाने से गुस्साए 22 वर्षीय युवक ने एक युवक की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी ने मृतक के प्राइवेट पार्ट में गन्ना डालकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

यह मामला हरिद्वार के बुग्गावाला थाना क्षेत्र के हरिपुर टोंगिया गांव का है। पुलिस को दी गई तहरीर में, मृतक शीश कुमार के भाई ने बताया कि उनके गांव के ही रहने वाले प्रमोद पुत्र किशन (22) ने उनके भाई के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के बाद प्रमोद ने शीश कुमार के प्राइवेट पार्ट में गन्ना घुसा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बुग्गावाला थाने में दर्ज मामले के अनुसार, पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि हत्या के सही कारणों का पता चल सके।






बुग्गावाला थाना प्रभारी निरीक्षक भगवान सिंह महर ने बताया कि घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी द्वारा दिए गए निर्देश पर टीम गठित की गई थी। पुलिस की कई टीमों ने दबिश देकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस टीम ने लड़के के मर्डर में इस्तेमाल गन्ने का डंडा भी उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि सोनू उर्फ शिशू जो उससे लगभग 10 साल बड़ा था।

आरोपी युवका का कहना था कि वह एक समलैंगिक (गे) था। उसने कई बार अपने साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए कहा था। प्रमोद ने कहा, 'मैंने मना कर दिया था तो उसने गांव में मेरे नपुंसक होने की अफवाह फैला दी। मेरी मर्दानगी को लेकर अकसर छींटाकशी करता रहता था।

कई बार उसे समझाया लेकिन लोगों के सामने मेरी बेइज्जती करता रहता था। इस बात को लेकर उससे कई बार झगड़ा भी हुआ था। मेरे मन में उसके खिलाफ बहुत गुस्सा भरा था।' लड़के को सबक सिखाने के लिए उसने खेत में पड़े गन्ने को उसके प्राइवेट पार्ट्स में डाल दिया था। अधिक खून बहने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर जेल भेज दिया है।

**आवश्यकता** पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# पंजाब में पंथक वोट बैंक पर सबकी नजरें

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब में सिख सियासत में आए दिन उठापटक देखने को मिल रही है। खासतौर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, शिअद को लेकर तो कोई न कोई घटना ऐसी घटित हो ही जाती है जिससे पंथ की राजनीति में बवाल समझा जाता है। ताजा घटनाक्रम में ज्ञानी हरप्रीत सिंह, रघबीर सिंह और ज्ञानी सुलतान सिंह को पद से हटाए जाने के बाद आनन फानन में सोमवार सुबह श्री केसगढ़ साहिब में ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज की दस्तारबंदी हुई, उससे सिख कौम और पंथक राजनीतिक नई दिशा की ओर करवट लेती नजर आ रही है।

गड़गज की ताजपोशी पर पूर्व जत्थेदार और श्री दरबार साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रघबीर सिंह ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब किसी जत्थेदार की



ताजपोशी अनुशासन और मर्यादा के अनुसार नहीं होती, तो पंथ में रोष उठना स्वाभाविक है। ज्ञानी रघबीर सिंह ने बताया कि हाल ही में हुई ताजपोशी को लेकर देश-विदेश से लोग फोन करके सवाल पूछ रहे हैं।

हालांकि, उन्होंने इस मुद्दे पर व्यक्तिगत रूप से कोई टिप्पणी करने से मना किया है, क्योंकि वह नहीं चाहते कि इस मामले पर कोई विवाद पैदा हो। इस घटनाक्रम में शिरोमणि अकाली दल पंथक सियासत के निशाने पर है। हालांकि एसजीपीसी के फैसले को लेकर बादल परिवार में भी मतभेद सामने आए। अकाली दल के सीनियर नेता बिक्रम मजीठिया व 6 अन्य नेता इस सेवामुक्ति के फैसले के विरोध में आ गए हैं। वहीं, पार्टी के कार्यकारी प्रधान बलविंदर सिंह भूंदड़ ने मजीठिया को पार्टी व बादल परिवार के पीठ पर छुरा घोंपने वाला करार दे दिया है। अकाली दल के कार्यकारी प्रधान भूंदड़ ने कहा कि, पार्टी में अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं विरसा सिंह वल्टोहा ने कहा है कि किसी को मजीठिया के खिलाफ बोलने की आवश्यकता नहीं है। इस सबके बीच पंथक वोटबैंक पर अन्य राजनीतिक दलों ने नजरें गड़ानी शुरू कर दी हैं।

दरअसल पंथक वोटबैंक शुरू से ही शिअद से जुड़ा है बेशक हाल ही के सालों में राजनीतिक तौर पर शिअद को इस वोट बैंक के बावजूद ज्यादा सफलता नहीं मिली लेकिन भाजपा, कांग्रेस और आप की तरफ अब ये वोटबैंक मूव हो सकता है। हालांकि पंथक वोटबैंक के अलावा अन्य वर्गों को भी साधने की कोशिशें चल रही हैं।

# जालंधर में टिप्पर ने बाइक सवार को कुचला, लोगों ने किया जमकर हंगामा



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर में लैदर कॉम्पलैक्स के पास एक टिप्पर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान सूरज के रूप में हुई है जो माडल हाउस का रहने वाला बताया जा रहा है। हादसे के बाद टिप्पर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। वहीं गुस्साए लोगों ने टिप्पर को अपने कब्जे में ले लिया।

लोगों का कहना है कि कई बार इलाके में हादसे हो रहे हैं। पर लगातार हो रहे हादसों में पुलिस की तरफ से लोगों की कोई सुनवाई नहीं हो रही। पहले टिप्पर की चपेट में व्यक्ति आया, जिसका ड्राइवर को पता लग गया, जिसके बाद ड्राइवर ने गाड़ी बैक करके दोबारा से उसे कुचल दिया। हादसे में व्यक्ति का चेहरा बुरी तरह से खराब हो गया। घटना के बाद पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान लोगों द्वारा जमकर हंगामा किया गया। लोग आरोपी ड्राइवर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# हाईकोर्ट ने पंजाबी म्यूजिक प्रोड्यूसर पिंकी धालीवाल को दी बड़ी राहत, जेल से आए बाहर

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाबी म्यूजिक प्रोड्यूसर पिंकी धालीवाल को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट की तरफ से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने पिंकी धालीवाल को रिहा करने के आदेश दे दिए हैं और वह जेल से बाहर आ गए हैं। हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को गैर कानूनी बताया है। पिंकी धालीवाल पर सिंगर सुनंदा शर्मा ने धोखाधड़ी और मानसिक रूप से परेशान करने के आरोप लगाए थे।



## सुनंदा ने गिरफ्तारी के बाद की थी यह पोस्ट

सुनंदा शर्मा ने लिखा था ये मसला किसी कॉन्ट्रैक्ट और पैसों का नहीं, ये मसला मुझे जहनी तौर पर बीमार करने का। ये हर उस कलाकार का मसला है, जो एक आम परिवार से संबंध रखता है। आम परिवार से आया एक कलाकार सपने देखता है और ऐसे मगरमच्छ उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। ऐसे लोग हमसे कड़ी मेहनत करवाते हैं और इससे अपना घर भरते हैं। साथ ही कलाकार को मंगतों (भिखारी) की तरह ट्रीट करते हैं। फिर कहते हैं कि मैंने इन्हें रोटी दी है।

खुद को भगवान समझने लग गए थे सुनंदा ने आगे लिखा कि हे वाहेगुरु तेरे बनाए लोग अपने आपको आपसे ऊपर समझने लग गए हैं। मैं कमरे में अकले रहकर रोई हूं। कई बार मैंने अपने आप को खत्म करने की कोशिश की। मगर मैं हंसती हुई लोगों के सामने आ जाती थी। मैं इस बात को समझदार थी कि किसी के सामने अपना दुख नहीं रोया। अगर रोती तो कोई और मगरमच्छ मेरे पीछे लग जाता। पता नहीं मेरे जैसे कितने और लोगों को ऐसे लोग शिकार बना चुके हैं। सभी साथ मिलकर आओ, ये हमारा दौर है, हमारी मेहनत है और इसका फल हमें ही मिलना चाहिए। ये एकजुट होने का वक्त है।

# जालंधर में डेरा राधा स्वामी सत्संग के उत्तराधिकारी को देखने के लिए उमड़ी संगत, सड़कों पर लगा भारी जाम

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** डेरा राधा स्वामी सत्संग ब्यास के नए उत्तराधिकारी हुजूर जसदीप सिंह गिल जालंधर में जेल रोड स्थित सत्संग भवन पहुंचे। जैसे ही संगतों को हुजूर जसदीप गिल के आने का पता चला तो उनके दर्शन करने के लिए भीड़ लग गई। जिस कारण आस-पास की रोड पूरी तरह से ब्लॉक हो गई। उन्हें देखने के लिए इतनी संगत इकट्ठी हो गई कि सड़कों पर भारी जाम लग गया।

## गुरिंदर ढिल्लों के हैं उत्तराधिकारी

बता दें कि हाल ही में गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने जसदीप सिंह गिल को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया है। डेरा ब्यास के नए प्रमुख जसदीप सिंह बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों के रिश्तेदारों में से हैं। वह पिछले करीब 5 दशकों से अपने परिवार सहित डेरा ब्यास में रह रहे हैं।



**90 से ज्यादा देशों में फैली है संस्था :** राधा स्वामी सत्संग ब्यास डेरा की स्थापना 1891 में जयमल सिंह ने की थी। इसका मकसद लोगों को धार्मिक संदेश देना है।

यह संस्था दुनिया के 90 देशों में फैली हुई है, जिनमें अमेरिका, स्पेन, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, जापान, अफ्रीका सहित कई अन्य देश शामिल हैं।

## हजारों एकड़ में है जमीन

डेरे के पास 4 हजार एकड़ से ज्यादा जमीन है जिसमें करीब 48 एकड़ का लंगर हॉल है। डेरे में संगत के ठहरने के लिए सराय, गैस्ट हॉस्टल और शेड भी है। कैंप में लोगों के मुफ्त इलाज के लिए, तीन अस्पताल भी बनाए गए हैं। कैंप से 35 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# जालंधर में 14 मार्च को सेंट्रल टाऊन मोबाइल मार्किट रहेगी बंद, यह बाजार भी नहीं खुलेंगे




**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जालंधर में होली के त्योहार को लेकर अब सेंट्रल टाउन की मोबाइल मार्किट ने भी दुकानें बंद रखने का ऐलान किया है। मार्किट एसोसिएशन ने सर्वसम्मति के साथ इस फैसले को लिया है। इस दौरान गगन जुनेजा, प्रभ सिंह, हैरी नारंग, विपुल पाहवा, हरमिंदर सिंह, आकाश अमन, एचएस मौजूद रहे।

### इलेक्ट्रॉनिक मार्किट भी रहेगी बंद

वहीं होली वाले दिन फगवाड़ा गेट की इलेक्ट्रॉनिक मार्किट बंद रहेगी। इसका ऐलान फगवाड़ा गेट इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रधान बलजीत सिंह आहलूवालिया व इलेक्ट्रिकल प्रधान सहगल ने किया है।

उन्होंने बताया कि होली वाले दिन फगवाड़ा गेट, मिलाप चौक, रेलवे रोड, शहीद भगत सिंह चौक, प्रताप बाग, चहार बाग, शेर-ए-पंजाब मार्किट, गुरु नानक मार्किट, सिद्धू मार्किट, अहूजा मार्किट, हांगकांग प्लाजा मार्किट, बेरी मार्किट और कृष्णा मार्किट बंद रहेंगी।

### सर्राफा बाजार 2 दिन रहेगा बंद

होली और उसके अगले दिन सर्राफा बाजार भी बंद रहेंगे। सर्राफा एसोसिएशन के प्रधान नरेश मल्होत्रा ने इसका ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर कलां बाजार, शेखां बाजार, रैनक बाजार, जीटी रोड, मॉडल टाउन, जालंधर कैंट की सभी सर्राफा बाजार की दुकानें 14 और 15 मार्च को बंद रहेंगी।



# बरनाला में शादी में युवक ने की हवाई फायरिंग, वीडियो वायरल के बाद पुलिस ने लिया एक्शन

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब सरकार की तरफ से शादियों में हथियार ले जाने व हवा में गोली चलाने पर बैन लगाने के बावजूद गोलियां चलाने की रिवाज रूकने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला बठिंडा से सामने आया है, जहां एक शादी प्रोग्राम के दौरान हवाई फायर किए गए और सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड की गई।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि शादी के दौरान एक युवक गाने पर भंगड़ा डालते हुए रिवाल्वर के साथ फायरिंग कर रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस तुरंत एक्शन में आई और फायरिंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई शुरू की।

पुलिस जांच में आरोपी की पहचान दीपवरिंदर सिंह के रूप में हुई है। उसने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर के साथ शादी प्रोग्राम में हवाई फायर किए थे। पुलिस ने अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी के लाइसेंसी हथियार की रद्द कराने की सिफारिश कर दी गई है।

# 80 साल का पिता करना चाहता था दूसरी शादी, बेटे बन रहा था रोड़ा तो बाप ने कर दिया बड़ा कांड



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** गुजरात के राजकोट जिले के जसदण कस्बे में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक 80 वर्षीय बुजुर्ग पिता ने अपनी दूसरी शादी की इच्छा का विरोध करने पर अपने 52 वर्षीय बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी।

प्रारंभिक तौर पर मामला जमीन विवाद का लग रहा था, लेकिन पुलिस जांच में हत्या का असली कारण पिता की दूसरी शादी की चाहत और बेटे द्वारा उसका विरोध करना सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के.जी. झाला ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह वारदात रविवार सुबह जसदण कस्बे में घटी। मृतक प्रभात बोरीचा की पत्नी जयाबेन ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

अपनी शिकायत में जयाबेन ने बताया कि उनकी सास का देहांत 20 साल पहले हो गया था। उसके बाद से उनके ससुर रामभाई बोरीचा दूसरी शादी करना चाहते थे, जिसका उनके परिवार ने पुरजोर विरोध किया। इस मुद्दे को लेकर घर में कई बार झगड़े हुए थे और रामभाई ने प्रभात को धमकी भी दी थी कि वह उसे और उसके परिवार को जान से मार देगा।

घटना का विवरण देते हुए जयाबेन ने बताया कि रविवार सुबह वह अपने पति प्रभात के साथ ससुर रामभाई को चाय देने गई थी। जब वे लौट रही थीं, तो उन्होंने एक के बाद एक दो गोलियों की आवाज़ सुनी। वह तुरंत दौड़कर ससुर के कमरे की ओर भागी, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खटखटाने पर बुजुर्ग रामभाई बंदूक लेकर बाहर आए और उन्होंने जयाबेन पर भी हमला करने की कोशिश की। डर के मारे जयाबेन अपने घर भाग गईं। बाद में उनका बेटा जयदीप घर आया, जिसे उन्होंने पूरी घटना बताई।

जयदीप ने घर पहुंचकर देखा कि उसके पिता प्रभात आंगन में खून से लथपथ पड़े हुए हैं, जबकि रामभाई पास ही बैठे थे। प्रभात को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जयाबेन की शिकायत के आधार पर आरोपी बुजुर्ग रामभाई को हिरासत में ले लिया है।

डीएसपी झाला ने बताया कि शुरुआती जांच में दूसरी शादी को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद ही हत्या का मुख्य कारण प्रतीत हो रहा है। आरोपी रामभाई से गहन पूछताछ जारी है और पुलिस मामले की हर कोण से जांच कर रही है।

# मशहूर पंजाबी सिंगर के घर की हो रही रेकी, मिल रही हैं जान से मारने की धमकियां

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** मशहूर पंजाबी सिंगर सिंगा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। जिसके बाद म्यूजिक इंडस्ट्री में उथल-पुथल मच गई है। सिंगा ने पोस्ट कर लिखा कि उनके घर की रेकी हो रही है, जिस वजह से



अपना घर भी बदल रहे हैं। पोस्ट में आगे लिखा कि वह होली के बाद वह सब पब्लिक करेंगे। उनकी इस पोस्ट के बाद पुलिस प्रशासन के ऊपर सवाल खड़े हो गए हैं।

### डर के कारण बदल रहे हैं घर

सिंगा ने लिखा कि काफी समय से मेरी रेकी करवाई जा रही है, जिसके चलते मैंने 2-3 बार अपना घर भी बदल चुका हूं, मैं पंजाब पुलिस से पूछना चाहता हूं कि अपने परिवार की सुरक्षा के लिए मुझे कितनी बार अपना घर बदलना पड़ेगा? कितनी धमकियां मिलीं, कितनी बार कार का पीछा किया गया? होली के बाद अगर जरूरत पड़ी तो हम सब कुछ सार्वजनिक कर देंगे...मुद्दा बड़ा है।

### सिंगा को पहले भी मिल चुकी हैं धमकियां

आपको बता दें कि पंजाबी सिंगर सिंगा को पहले भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस को की थी। पर एक बार फिर से सिंगा को जान का खतरा मंडरा रहा है और वह लगातार घर बदल रहे हैं और पंजाब सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

# अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी, कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को दिया FIR दर्ज करने का आदेश

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कानूनी मुश्किलें और बढ़ती नजर आ रही हैं। दिल्ली की एक अदालत ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश जारी किया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को इस मामले में 18 मार्च तक रिपोर्ट भी पेश करने का निर्देश दिया है। यह आदेश ऐसे समय पर आया है जब केजरीवाल पहले से ही कई कानूनी



लड़ाइयों का सामना कर रहे हैं और हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद विपश्यना में व्यस्त हैं।

यह मामला साल 2019 का है। द्वारका में बड़े होर्डिंग्स लगाए जाने को लेकर शिकायत की गई थी। अरविंद केजरीवाल, मटियाला के तब के विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की पार्षद नीतिका शर्मा के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की गई थी। अडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने केजरीवाल और अन्य के खिलाफ याचिका को स्वीकार करते हुए एफआईआर दर्ज करने को कहा है।

पहले जब कोर्ट में शिकायत दर्ज की गई थी तो मजिस्ट्रेट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने सेशंस कोर्ट में रिवीजन पिटीशन दाखिल की। सेशंस कोर्ट ने दोबारा मामले को मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेजकर यह तय करने को कहा कि संज्ञेय अपराध का मामला बनता है या नहीं। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोबारा सुनवाई की और मंगलवार को अर्जी स्वीकार करते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने संबंधित थाने के एसएचओ को निर्देशित किया है कि वे 18 मार्च तक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिसमें यह बताया जाए कि केस दर्ज करने के आदेश का पालन किया गया है या नहीं।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# '400 लड़कियां हुईं गायब, 25 साल से पहले कर दो शादी...', भाजपा नेता के दावे से मची खलबली

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** भाजपा नेता पी.सी. ने दावा किया कि केरल के मीनाचिल तालुका में 'लव जिहाद' के कारण 400 लड़कियां गायब हो गईं। उन्होंने ईसाई समुदाय से अपनी बेटियों की शादी 24 साल की उम्र से पहले कराने का आग्रह किया। जॉर्ज नफरती भाषण के एक मामले में अभी जमानत पर बाहर हैं।

भाजपा नेता पीसी जॉर्ज ने 'लव जिहाद' को लेकर भी ईसाई समुदाय को चेतावनी दी है। उनका कहना है कि सिर्फ मीनाचिल तालुक में ही 400 लड़कियां 'लव जिहाद' का शिकार हो चुकी हैं। जॉर्ज ने यह विवादित बयान पाला में एक विशेष सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिया। यह सम्मेलन नशे के खतरे के खिलाफ पाला धर्मप्रांत के बिशप जोसेफ कल्लारंगट और केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल के टेंपरेंस कमीशन के नेतृत्व में आयोजित किया गया था।



### 400 लड़कियां लव जिहाद में फंस गई

कार्यक्रम में बीजेपी नेता ने कहा, 'कोट्टायम की मीनाचिल तालुक में ही करीब 400 लड़कियां लव जिहाद में फंस गई हैं। सिर्फ 41 ही उनमें से वापस आई हैं। ऐसा क्यों हो रहा है कि ईसाई लड़कियों के माता-पिता अपनी बेटियों की शादी के लिए 25 साल का होने का इंतजार कर रहे हैं। मैं पैरेंट्स से कहना चाहता हूं कि लड़कियों का 24 साल का होने से पहले ही उनकी शादी कर दो। वह शादी के बाद भी पढ़ाई कर सकती हैं।' पीसी जॉर्ज ने कहा,'क्यों ईसाई अपनी बच्चियों की शादी 25 साल में नहीं कर रहे हैं? क्यों उन्हें घर में रखा है? 25 साल की एक लड़की कल गायब हो गई। वह रात 9.30 पर गायब हो गई। 25 साल तक शादी नहीं करने पर उसके पिता को जिम्मेदार माना जाना चाहिए, जिन्होंने उसकी शादी नहीं की। यह एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर बात की जानी चाहिए।' जॉर्ज ने कहा कि एक लड़की की शादी 22 या 23 साल की उम्र तक हो जानी चाहिए और इस तरह की मर्यादा बनाए रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर वह 28 या 29 साल की हो जाती है और कमाई करने लगती है तो उसकी शादी नहीं होगी और उसकी कमाई उसके परिवार द्वारा बर्बाद कर दी जाएगी, यही समस्या है। ईसाइयों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी बेटियों की शादी 24 साल की उम्र तक हो जाए।

# राज्यसभा में खड़गे की टिप्पणी पर जोरदार हंगामा, नेता प्रतिपक्ष को मांगनी पड़ी माफी



**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** राज्यसभा में मंगलवार को एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखा संवाद देखने को मिला। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की एक टिप्पणी पर सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने कड़ा विरोध जताया और माफी की मांग की। इसके तुरंत बाद खड़गे ने स्पष्ट किया कि उनकी यह टिप्पणी उपसभापति हरिवंश के प्रति नहीं, बल्कि सरकार की नीतियों के प्रति थी। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें इससे ठेस पहुंची है तो वह माफी मांगते हैं।

कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह द्वारा शिक्षा मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू की जानी थी। दिग्विजय सिंह के बोलने से पहले राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सदन में हो रहे शोर-शराबे के बीच बोलने के लिए खड़े हुए। उन्होंने कहा, हमने इस पर बोलने के लिए तैयारी भी की है। इसके बाद उन्होंने कुछ ऐसी बात कही जिस पर सत्ता पक्ष की तरफ से आपत्ति की गई। नेता सदन जे.पी. नड्डा ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा, यह बहुत ही दुख की बात है। नेता प्रतिपक्ष जो इतने अनुभवी हैं, लंबे समय तक प्रदेश और संसद में रहे हैं, लोकसभा में और राज्यसभा में नेता और सदस्य के रूप में भी काम किया, उन्होंने यहां जिस भाषा का उपयोग किया वह निंदनीय है। उन्होंने कहा नेता प्रतिपक्ष को अपनी इस टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आसन के प्रति जिस प्रकार के शब्द का उपयोग किया है, वह अस्वीकार्य है। जेपी नड्डा ने कहा कि यह भाषा माफी के योग्य नहीं है, फिर भी नेता प्रतिपक्ष को माफी मांगनी चाहिए।

उन्हें अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए, नहीं तो उनके शब्दों को सदन की कार्यवाही से बाहर निकालना चाहिए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस पर सफाई देते हुए कहा, मैं माफी चाहता हूं। सर, मैंने आपके लिए कुछ नहीं बोला। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने सरकार की नीतियों के प्रति यह बात कही थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, यदि आपको मेरी बातों से ठेस लगी तो मैं आपसे माफी मांगता हूं, लेकिन सरकार से नहीं। इसके बाद उन्होंने अपनी बात रखनी शुरू की।

जेपी नड्डा ने कहा कि खड़गे ने अपने वक्तव्य के लिए आसन से माफी मांगी है जो सराहनीय है, लेकिन उन्होंने सरकार के बारे में जो शब्दावली कही है वह भी निंदनीय है और वह भी कार्यवाही से बाहर निकाली जानी चाहिए।

# फाजिल्का में होटल में हो रहा था गलत काम, अचानक पहुंच गई पुलिस

## आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए 2 महिला और 3 युवक

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के फाजिल्का जिले के अबोहर में बस स्टैंड के पीछे स्थित एक होटल में नगर थाना पुलिस ने रेड कर जिस्मफरोशी करने के आरोप में तीन युवकों और दो महिलाओं को आपत्तिजनक हालत में काबू किया, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।





### संदिग्ध हालत में पकड़े गए दो महिला और 3 युवक

पुलिस ने होटल के मैनेजर को भी हिरासत में लिया है व होटल को ताला लगा दिया है। जानकारी के अनुसार नगर थाना प्रभारी मनिंदर सिंह ने बताया कि उन्हें पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी कि बस स्टैंड के पीछे बने एक होटल में अनैतिक कार्यों का संचालन किया जाता है और आरोप है कि यहां पर नाबालिग लड़के-लड़कियों को कमरे उपलब्ध करवाए जाते हैं।

जिसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने महिला पुलिस के साथ इस होटल में रेड की होटल के कमरों से दो महिलाओं और तीन युवकों को संदिग्ध हालत में काबू किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि यहां का रिकॉर्ड जब्त कर लोगों को हिरासत में लिया है और होटल के मैनेजर से भी पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस ने अन्य होटल संचालकों को भी दी चेतावनी

उन्होंने अन्य होटलों के संचालकों को भी चेतावनी दी है कि वे किसी भी व्यक्ति को अपने कमरे अनैतिक कार्यों के लिए उपलब्ध ना करवाएं और होटल में आने वाले लोगों का पूरा रिकॉर्ड रखा जाए, नहीं तो बख्शा नहीं जाएगा।

### 250 पुलिसकर्मियों ने बस स्टैंड पर चलाया सर्च अभियान



वहीं, एक दूसरे खबर की बात करें तो फाजिल्का में युद्ध नशे के विरुद्ध मुहिम के तहत बीते दिनों जिले के सभी बस अड्डों पर व्यापक कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन (कासो) चलाया गया। यह ऑपरेशन एस.एस.पी. फाजिल्का वरिंदर सिंह बराड़ की अगुवाई में किया गया, जिसमें फाजिल्का, जलालाबाद और अबोहर के करीब 250 पुलिस कर्मचारी, सभी हल्का अधिकारी, एस.एच.ओ. और पुलिस चौकी इंचार्ज शामिल रहे। सख्त नशा विरोधी कार्रवाई इस अभियान के दौरान पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए व्यापक जांच की और आने-जाने वाले यात्रियों से पूछताछ भी की। संदिग्ध व्यक्तियों की विशेष रूप से गहराई से जांच की गई, ताकि नशे के काले कारोबार को जड़ से खत्म किया जा सके।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# यूएस की चाह में गंवा दिए 1.8 करोड़

## पति-पत्नी को अमेरिका के बजाय भेज दिया इंडोनेशिया, आठ महीने खाए धक्के

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के लोगों का अमेरिका से मोह भंग नहीं हो रहा है। भले ही अमेरिका की ट्रंप सरकार अवैध भारतीयों को डिपोर्ट कर वापस भेज रही है। बावजूद इसके पंजाब के लोग अभी भी फर्जी ट्रैवल एजेंटों के बहकावे में आकर अपनी जीवन भर की जमा पूंजी गंवा रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला लुधियाना के हलवारा में सामने आया है। हलवारा के गांव बाघियां निवासी ठग ट्रैवल एजेंट कंपनी के तीन लोगों ने गांव बाघियां खुर्द के जगरूप सिंह और उनकी पत्नी पूजा रानी को अमेरिका भेजने और यूएस की पीआर का झांसा देकर एक करोड़ 8 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित जगरूप के पिता बलवंत सिंह ने ट्रैवल एजेंट परमिंदर सिंह और उसके दो सहयोगियों के खिलाफ पुलिस को लिखित शिकायत दी है।




**ट्रैवल एजेंट ने दिया था फर्जी वीजा**

आरोप है कि आरोपी ट्रैवल एजेंटों ने 1.8 करोड़ रुपये लेकर पीड़ित दंपती को अमरिका का फर्जी वीजा लगाया था। इस वजह से दोनों पति-पत्नी ने यूएस जाने के लिए कई मुल्कों के चक्कर काटे और थक हार कर वापस गांव लौट आए। गांव वापस आने के बाद जब जगरूप के पिता बलवंत सिंह ने अपने ट्रैवल एजेंट से अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ट्रैवल एजेंट परमिंदर सिंह ने उन्हें झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी दे डाली।

### पीड़ित ने एसएसपी को दी शिकायत

पीड़ित जगरूप सिंह के पिता बलवंत सिंह ने 20 फरवरी को जिला लुधियाना ग्रामीण के एसएसपी अंकुर गुप्ता को लिखित शिकायत की। जांच के बाद 172 पन्नों की जांच रिपोर्ट और पेन ड्राइव में मौजूद सबूतों के आधार पर ठग ट्रैवल एजेंट परमिंदर सिंह और उसके दो अज्ञात सहयोगियों के खिलाफ थाना सिधवां बेट में केस दर्ज किया गया है।

**इंडोनेशिया, मलेशिया और फिर ले गए सिंगापुर :** बलवंत सिंह ने बताया कि मार्च 2024 में आरोपी ट्रैवल एजेंट परमिंदर उसके पिता बलवंत और भाई पवन ने 95 लाख रुपये लिए थे और पीड़ित बलवंत सिंह के बेटे और बहु को अमेरिका भेजा था। 23 मार्च 2024 को आरोपी बेटे और बहु को इंडोनेशिया ले गए, वहां दो महीने रखने के बाद मलेशिया पहुंचा दिया। 10 दिन मलेशिया और उसके बाद 4 दिन सिंगापुर होटल में रखा। सिंगापुर से वापस मलेशिया के रास्ते वापस इंडोनेशिया ले आए। इस दौरान साढ़े तीन महीने अलग-अलग देशों में रहने खाने पर उनके लाखों रुपये अलग से खर्च करवा दिए।

### अमेरिका का जाली वीजा और हवाई टिकटें

इंडोनेसिया से अमेरिका भेजने की बजाए वापिस भारत ले आए और कुछ दिन बाद गांव भेज दिया। आरोपियों ने उन्हें अमेरिका का जाली वीजा और हवाई टिकटें दी थी।

बहू और बेटे के गांव वापस आने के बाद कई महीने बीत गए, लेकिन आरोपियों ने न ही रूपये लौटाए और न ही उन्हें अमरिका भेजा।

### बैंक से कर्ज और रिश्तेदारों से ब्याज में लिए रुपये

पीड़ित बलवंत सिंह ने बताया कि उन्होंने बैंक से भारी कर्ज लेने के अलावा आढ़तियों और रिश्तेदारों से भी ब्याज पर रकम उठाई है।

उनके 1 करोड़ 8 लाख रुपये से अधिक ठगे जा चुके हैं और पूरा परिवार बर्बाद हो गया है। बहु बेटा वो खुद और सभी पारिवारिक सदस्य सदमे में मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि पुलिस आरोपी ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है।

### क्या कहती है पुलिस

**जांच अधिकारी का कहना है कि अभी सिर्फ परमिंदर सिंह और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बेशक बलवंत सिंह ने परमिंदर के पिता बलवंत सिंह और भाई पवन सिंह के खिलाफ भी शिकायत की है। जांच की जा रही है, अगर परमिंदर के पिता और भाई की भूमिका भी सामने आई तो उन्हें भी नामजद किया जाएगा। आरोपी परमिंदर सिंह को गिरफ्तार करने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं, कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।**



# नशा तस्कर की जायदाद पर चला बुलडोजर, एसएसपी की देखरेख में हुई कार्रवाई

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा के गृह क्षेत्र में युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस ने सुनाम में नशा तस्कर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी सरताज सिंह चहल ने खुद अपनी देखरेख में नशा तस्कर के घर व दुकान को बुलडोजर से गिरवाया। यह इमारत सुनाम की नई अनाज मंडी परिसर के भीतर बनी हुई थी। एसएसपी पुलिस का दावा है कि इमारत की उसारी भी अवैध रूप से की गई थी और यहां से नशा तस्करी समेत अन्य अवैध गतिविधियां संचालित होती थीं जिसकी कई शिकायतें पुलिस के पास हैं। उसी के आधार पर कार्रवाई की गई है। एसएसपी ने कहा कि भविष्य में ऐसी सख्ती जारी रहेगी और किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने समाज से अपील की कि नशे के खात्मे के लिए सभी सहयोग करें और पुलिस को इनपुट देते रहें। ताकि नशे के सौदागरों पर लगाम कसी जा सके।

# महिला गिड़गिड़ाती रही...मन्नतें करती रही, बेटे और पति को छोड़ दो, पुलिस ने एक न सुनी और...

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** पंजाब के अबोहर में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक महिला पुलिस के गुहार लगा रही है कि उसके पति और बेटे को छोड़ दो, लेकिन पुलिस ने उनकी एक न सुनी और दोनों पिता-पुत्र को हिरासत में ले लिया। महिला पुलिस के पति और बेटे को छुड़वाते हुए घायल हो गई है। वह उस्पताल में भर्ती है। घटना अबोहर के मलोट चौक पर हुई है। यहां ट्रैफिक पुलिस व रेहड़ी चालक आपस में भिड़ गए। जानकारी के अनुसार एएसआई सुरेंद्र सिंह को सूचना मिली कि मलोट चौक पर कुछ रेहड़ी वालों ने अपनी रेहड़ी के ऊपर बड़ी छतरियां लगा रखी हैं, जो कि वाहनों के गुजरते समय उनसे टकरा जाती हैं। जब एएसआई सुरेंद्र सिंह उक्त रेहड़ी वाले की छतरियां हटाने और रेहड़ियों को पीछे करवाने के लिए गए तो उक्त रेहड़ी वाले के साथ उनका विवाद हो गया। आरोप है कि रेहड़ी वालों ने पुलिस कर्मियों के साथ गाली गलोच की। रेहड़ी वाले का परिवार तैश में आ गया और एएसआई सुरेंद्र सिंह से हाथापाई कर दी। एएसआई सुरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि उक्त लोगों की मारपीट के दौरान उनके नाक से खून बहने लगा और हमलावरों ने उनका मोबाइल व चालान काटने की मशीन भी तोड़ दी। वहीं सुरेंद्र सिंह के साथ मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें उक्त लोगों के चंगुल से छुड़ाया और अस्पताल मे दाखिल करवाया।



### महिला ने लगाया पति और बेटे के साथ मारपीट का आरोप

इधर सिविल अस्पताल में उपचाराधीन सीता रानी ने बताया कि वह और उसका बेटा अपने पति को खाना देने के लिए आए थे। तभी वहां ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी आए और उसके पति को रेहड़ी हटाने का कहने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने उसे और उसके बेटे को बुरी तरह से पीटा।

# खौफनाक! उधार दिए पैसे लेने के लिए रख लिया मोबाइल, तो नशेड़ी दोस्तों ने चाकू घोंपकर ले ली जान

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** युवक ने नशेड़ी दोस्त से उधार दिए पैसे लेने के लिए मोबाइल फोन रख लिया, जिसके बाद मोबाइल लेने आए आरोपितों ने युवक के सीने में छुरा मारकर कत्ल कर दिया। कत्ल की वारदात रविवार रात 12 बजे के करीब पुराना बस स्टैंड चौक में हुई।

मृतक की पहचान 31 वर्षीय हरजिंदर सिंह निवासी विकास नगर स्यूणा त्रिपड़ी के रूप में हुई है। हरजिंदर सिंह पंजाब पुलिस के रिटायर्ड एएसआई जसवीर सिंह का बेटा था, जो रविवार को घर से किसी काम के लिए निकला था।

**पैसों के लेन-देन** के चलते हुई वारदात : लाहौरी गेट थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद राजिंदरा की मोर्चरी में रखवाया, जहां सुबह छह बजे परिवार ने इसकी शिनाख्त की। पुलिस ने इस मामले में आरोपित नितिन निवासी धोबघाट पटियाला व उसके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार हरजिंदर सिंह तलाकशुदा था, जिसे नशे की लत लग गई थी। उसने नशेड़ी दोस्तों के साथ पैसों के लेनदेन के चलते मोबाइल फोन रख लिया था।



**बहस के बाद घोंप दिया छुरा :** जिस नशेड़ी युवक का फोन था, उसने पुलिस शिकायत करने की बात कही तो उसे मोबाइल देने के लिए पुराना बस स्टैंड बुला लिया, जहां पर आरोपित अपने साथियों के साथ आया था और मौके पर हरजिंदर सिंह अपने दोस्तों विक्रम व लव संधू के साथ खड़ा था।

वहां पर फोन को लेकर बहस हो गई तो एक आरोपित ने छुरे से वार करने शुरू कर दिए। विक्रम व लव संधू को मामूली चोटें लगी थीं, जबकि सीने पर छुरे के वार से हरजिंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

**छुरा पेट में ही छोड़ फरार हो गए आरोपित :** हरजिंदर के सीने में छुरा घोंपने के बाद आरोपित छुरा पेट में ही छोड़ घटनास्थल से फरार हो गए थे। राहगीरों ने हरजिंदर को लहूलुहान हालत में देखने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। तीन संदिग्ध युवकों को पुलिस ने उठाया थाना लाहौरी गेट प्रभारी गगनदीप सिंह व उनकी टीम ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिवार को शव सौंप दिया। डीएसपी सतनाम सिंह ने घटना बताया कि तीन संदिग्ध युवकों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपित गिरफ्तार कर लेंगे।

# सदियों से होली पर स्वाद घोल रही है गुजिया

## जानिए कैसे बनी यह रंगों के त्योहार की पहचान

इन दिनों हर तरफ होली की रौनक देखने को मिल रही है। रंगों का यह त्योहार हर साल धूमधाम से पूरे देश में मनाया जाता है। यह हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जो फाल्गुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस साल 14 मार्च को होली मनाई जाएगी। हंसी-खुशी के इस त्योहार पर हर घर में कई तरह के पकवान बनाए जाते हैं। गुजिया इन्हीं में से एक है, जिसके बिना होली का पर्व अधूरा माना जाता है।

यह भारत में बनने वाली एक लोकप्रिय मिठाई है, जिसे आमतौर पर होली के मौके पर मनाया जाता है। यह कई लोगों की पसंदीदा मिठाई होती है, जिसे स्वाद जीभ को बेहद लुभाता है। आप भी होली पर गुजिया बड़े चाव से खाते होंगे, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस स्वादिष्ट मिठाई को बनाने की शुरुआत कैसे हुई और क्यों इसे होली के मौके पर ही बनाया जाता है। अगर नहीं, तो चलिए आपको बताते हैं गुजिया का लंबा और दिलचस्प इतिहास-

हर साल होली के मौके पर गुजिया बनाई जाती है। साथ ही इसका भोग भी लगाया जाता है, लेकिन आपको यह




जानकर हैरानी होगी कि भारत में लोकप्रिय यह मिठाई असल में भारतीय नहीं है।

यह तुर्किए के रास्ते भारत पहुंची थी और फिर धीरे-धीरे देशभर में मशहूर हो गई। दरअसल, कई इतिहासकारों का ऐसा मानना है कि गुजिया तुर्किए की फेमस मिठाई बकलावा से प्रेरित है। बकलावा को मैदे की कई परतों के बीच ड्राई फ्रूट्स, चीनी और शहद की फिलिंग भरकर बनाया जाता है। ऐसा भी कहा जाता है कि बकलावा सिर्फ शाही परिवारों में ही बनाया जाता था। इसी मिठाई की तर्ज पर भारत में गुजिया भी शुरुआत हुई।

इतिहासकारों की मानें तो गुजिया का जिक्र सबसे पहले 13वीं शताब्दी में मिलता है, जब इसे धूप में सुखाकर खाया जाता था। बाद में बदलते समय के साथ इसमें कई एक्सपेरिमेंट किए गए और इसका वर्तमान स्वरूप सामने आया। हालांकि, इसकी उत्पत्ति को लेकर कोई सटीक जानकारी नहीं है।

**भारत में सबसे पहले कहा बनाई गई गुजिया?**

बात करें भारत में इसे सबसे पहले बनाए जाने की, तो ऐसा माना जाता है कि गुजिया सबसे पहले उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड बनाई गई थी। बाद में यह राजस्थान, बिहार और मध्य प्रदेश के रास्ते पूरे देश में मशहूर होती चली गई। यह भी कहा जाता है कि सबसे पहले बुंलेलखंड में ही मैदे और खोया गुजिया बनाई गई थी।

**होली और गुजिया का कनेक्शन?**

ये तो हुई होली के इतिहास की बात। अब जानते हैं कैसे शुरू हुई होली पर गुजिया खाने का चलन। मान्यताओं के मुताबिक होली पर गुजिया बनाने की परंपरा वृंदावन से शुरू हुई। यह मौजूद राधा रमण मंदिर में सबसे पहले गुजिया का भोग लगाया गया था। सन् 1542 में बना यह मंदिर देश के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है और कहा जाता है कि यही पर सबसे पहले होली के दिन यानी फाल्गुन माह की पूर्णिमा पर भगवान कृष्ण को आटे की लोई में चाशनी भरकर भोग लगाया था। इसके बाद से ही होली पर गुजिया बनाने की परंपरा शुरू हुई।

# होली खेलते समय लापरवाही आंखों के लिए बढ़ा सकती है दिक्कत, आंखों में रंग चला जाए तो क्या करें?

होली रंगों और उत्साह का त्योहार है। लजीज पकवान, लोगों से मिलना-जुलना, एक दूसरे को रंग लगाना और प्रेम व्यक्त करना इस पर्व को काफी खास बना देता है। गुझिया-ठंडाई और मस्त पकवान इस त्योहार में चार-चांद लगा देते हैं। हालांकि होली के आनंद और उत्साह के बीच सेहत को लेकर सावधानी बरतते रहना भी बहुत जरूरी है।

होली के दिनों में गड़बड़ खान-पान के कारण ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा रहता है, वहीं सिंथेटिक रंग और गुलाल के कारण अस्थमा और सांस की समस्याएं ट्रिगर हो सकती हैं। ऐसे मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, होली खेलते समय आंखों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी हो जाता है। सिंथेटिक या केमिकल युक्त रंग आंखों में जलन, लालिमा और गंभीर संक्रमण का कारण बन सकते हैं। अगर होली खेलते समय सावधानी न बरती जाए तो इससे कॉर्नियल इंफेक्शन या यहां तक कि आंखों को स्थायी रूप से क्षति भी हो सकती है।

**आइए जानते हैं कि होली का आनंद लेते समय आंखों का ख्याल कैसे रखा जा सकता है? आपको किन बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए?**

### होली के दौरान आंखों का रखें खास ख्याल

बाजार में मिलने वाले गुलाल में कई बार बारीक पिसा कांच और हानिकारक रसायन हो सकते हैं जिससे त्वचा और आंखों को गंभीर क्षति का जोखिम हो सकता है। अगर आपको सूखे रंग या गुलाल में चमक दिखती है तो यह कांच के पाउडर हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि रंग खेलते समय आंखों जैसे शरीर के नाजुक अंगों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जाए।



### क्या कहते हैं नेत्र रोग विशेषज्ञ?

होली खेलते समय आंखों की सुरक्षा के लिए गॉगल्स या सनग्लास पहनें। इससे आंखों को रंग और गंदे पानी से बचाने में मदद मिल सकती है।

इसके अलावा सबसे जरूरी है कि आप सिर्फ ऑर्गेनिक और हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें, कैमिकल युक्त रंगों से आंखों में जलन और एलर्जी हो सकती है।



### होली के बाद आंखों में जलन हो तो क्या करें?

- अगर होली के बाद आपको जलन या लालिमा महसूस होती है, तो आंखों को आराम देने के लिए ये आसान घरेलू उपचार आजमा सकते हैं।
- सूजन को कम करने और जलन से राहत पाने के लिए एक साफ कपड़े का उपयोग करके ठंडी सिकाई करें।
- अपनी आंखों को साफ करने और उन्हें तरोताजा करने के लिए ठंडे गुलाब जल का उपयोग करें।
- आंखों के आस-पास ताजा एलोवेरा लगाएं।
- तुरंत ठंडक और राहत के लिए अपनी बंद पलकों पर ठंडे खीरे के टुकड़े रखें।

### आंखों में रंग चला जाए तो क्या करें?

डॉक्टर कहते है, होली खेलते समय कई बार रंग या गुलाल आंखों में जा सकता है, इससे जलन, लालिमा और कई अन्य तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। अगर गलती से आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत साफ और ठंडे पानी से धो लें। रंग लगे हाथों से आंखों को रगड़ने से बचें इससे इन्फेक्शन हो सकता है। अगर आंखों में जलन हो रही हो तो साफ पानी से आंखों को धोने के बाद गुलाब जल डालें, ये आंखों को ठंडक देता है और जलन कम करता है। अगर इन उपायों की मदद से भी आराम न मिले तो तुरंत किसी डॉक्टर की सलाह लें। बिना डॉक्टरी सलाह के किसी भी आई ड्रॉप के इस्तेमाल से बचें।

# सर्दी-खांसी और बुखार से लेकर सांस की तकलीफ तक, बदलते मौसम में सेहत का ख्याल रखेगा आयुर्वेद



आयुर्वेद में सभी मौसम के हिसाब से अलग-अलग दिनचर्या का महत्व बताया गया है। इसे ऋतुचर्या कहा जाता है। अगर इन दिनों में ऋतुचर्या के अनुसार आपका रहन-सहन रहे, तो शरीर पर बदलते मौसम का दुष्प्रभाव पड़ने की आशंका कम हो जाती है। इस समय सुबह-शाम हल्की ठंड रहती है और दिन के समय सूर्य की किरणें प्रखर होने लगी हैं। हवा में अभी रूखापन भी है, ऐसे में सेहत को लेकर सतर्क रहना जरूरी है। आयुर्वेद के अनुसार, इस आदान काल की अवधि में ऊर्जा की कमी महसूस होती है। शरीर शिथिलता महसूस करने लगता है। बता दें कि हमारे शरीर में वात, पित्त और कफ के दोषों का संतुलन बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी है।

बढ़ते तापमान के बीच इस मौसम में कफ का प्रभाव बढ़ा होता है, इसलिए आपका पूरा ध्यान कफ के निकास पर होना चाहिए और इसे बढ़ने से रोकने का भी प्रयास करना चाहिए। अभी आप मौसम के अनुकूल आहार-विहार अपनाकर आप मौसमी समस्याओं जैसे, एलर्जी, सर्दी-खांसी या बुखार आदि से निजात पा सकते हैं। ध्यान रहे स्वस्थ आहार का सेवन तभी लाभकारी होता है जब हेल्दी लाइफस्टाइल भी अपना सकें।

## खानपान में बरतें सावधानी

- सुपाच्य और हल्का भोजन करें।
- भोजन की तासीर ठंडी नहीं होनी चाहिए।
- भोजन गर्म और ताजा होना चाहिए।
- पुराने गेहूं और बाजरा का सेवन इन दिनों उपयोगी है।
- भोजन में खट्टे पदार्थों को कम रखें।
- शहद का सेवन सेहत के लिए लाभप्रद है।
- मुनक्का से तैयार आयुर्वेदिक दवाओं का सेवन मौसमी बदलावों के लिए अच्छा है।
- गले में खराश, खांसी होने पर नमक मिलाकर गुनगुने पानी से गरारा करें।

## इन बातों का रहे ध्यान

- इस मौसम में पंचकर्म के दौरान वमन का विशेष महत्व है। इसके द्वारा शरीर में जमे हुए कफ को निकाला जाता है।
- इस समय शरीर में सुस्ती होती है। दिन के समय नींद आती है, पर प्रयास करें कि दिन की अवधि में न सोएं।
- इस मौसम में कसरत करें। निष्क्रियता से दूर रहें।

## जठराग्नि को समझें

आपके बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह जरूरी है कि जठराग्नि संतुलन में हो जठराग्नि का संतुलन अच्छे पाचन और समग्र स्वास्थ्य दोनों के लिए आवश्यक माना गया है। भूख से थोड़ा कम भोजन करना चाहिए, यह जठराग्नि के संतुलन के लिए जरूरी है।




# चेहरे पर नींबू का इस्तेमाल कितना सुरक्षित ? इस्तेमाल से पहले जान लें


ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए आजकल ज्यादातर लोग घरेलू नुस्खों पर भरोसा करते हैं। कई बड़े सिलेब्स भी लोगों को घरेलू नुस्खे इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। इन्हीं नुस्खों में शामिल है त्वचा पर नींबू का इस्तेमाल करना। नींबू त्वचा के लिए फायदेमंद है लेकिन सावधानी से इस्तेमाल करना जरूरी है।

नींबू प्राकृतिक रूप से विटामिन ष्ट और साइट्रिक एसिड से भरपूर होता है, जो चेहरे की चमक बढ़ाने, टैन हटाने और मुंहासे कम करने में मदद करता है। लेकिन क्या इसे सीधे त्वचा पर लगाना सुरक्षित है? आइए जानते हैं इसके फायदे और नुकसान।

## चेहरे पर नींबू लगाने के फायदे

चेहरे पर यदि आप नींबू इस्तेमाल करना चाहते हैं तो पहले इसके फायदे जान लें। दरअसल, नींबू में मौजूद विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सिडेंट त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं। इसमें जो एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंहासों और काले दाग को हल्का करने में सहायक होते हैं। नींबू में पाए जाने वाले साइट्रिक एसिड टैनिंग को कम करने और डेड स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। यदि आपकी त्वचा काफी ऑयली है तो नींबू चेहरे के अतिरिक्त तेल को कंट्रोल करता है और चेहरे को फ्रेश रखता है।





## नींबू के नुकसान

इसके जितने फायदे हैं, उतने नुकसान भी हैं। दरअसल, नींबू का श्च॥ बहुत कम (अम्लीय) होता है, जिससे संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली और रैशेज हो सकते हैं।

यदि आप नींबू लगाने के बाद सीधे धूप में जाने से स्किन जल सकती है, जिससे सनबर्न और डार्क पैच हो सकते हैं। ये उन लोगों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक हो सकता है, जिनकी त्वचा ड्राई है, क्योंकि नींबू त्वचा की नमी को लॉक करने का काम करता है।

## ऐसे लोग न करें इस्तेमाल

यदि आपके चेहरे पर नींबू सूट करता है, लेकिन चेहरे पर कट, जलन या खुले पिंपल हैं, तो नींबू लगाने से बचें। इसके इस्तेमाल से त्वचा पर और अधिक जलन और इंफेक्शन हो सकता है। इसके अलावा यदि आपकी त्वचा अत्याधिक संवेदनशील है, तो भी इसके इस्तेमाल से दूर रहें, ताकि आपको किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

S.T HOSPITAL
& Test Tube Baby Centre
Near Football Chowk, Jalandhar.
Mob.: 99154-02525, 0181-5042525
www.sthospital.in
अब हर घर गूँजेंगी खुशियों की किलकारियाँ
IUI | IVF | ICSI
विधियों द्वारा पुरुषों तथा महिलाओं के बाँझपन का उपचार किया जाता है
Dr. Asheesh Kapoor
M.B.B.S., P.G.D.S. (USA)
Fertility & Sex Specialist
Dr. Rimmi Mahajan
M.B.B.S, M.D. (Obs & Gynae)
Fellowship in Rep. Med. (Spain)